भारतीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने की गति काफी धीमी रही।

सूफी साहिब के पवित्र मजार का राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित किया जाना

3. **श्री मोर्जा ईर्शादबेग :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आदरणीय सूफी साहिब, जो अन्तिम मुगल सम्राट और महान स्वतन्त्रता सेनानी बहादुरशाह जफर के निकट संबंधी या उनकी संतान थे, के पवित्र मजार को जो गुजरात के बनासकांठा जिले में डिसा नगर में स्थित है, एक राष्ट्रीय स्मारक या एक संरक्षित ऐतिहासिक इमारत के रूप में घोषित करने का विचार रखती है;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में कोई संशोधन करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री एल०पी०साही): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

राज्यों में कालेजों को स्वशासी स्तर प्रदान किया जाना

4. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1988 के अंत तक सरकार ने विभिन्न राज्यों में कितने कालेजों को स्वशासी स्तर देना मंजूर किया है;

(ख) प्रत्येक राज्य में, राज्यवार, ऐसे स्वशासी कालेजों की संख्या कितनी होगी; और

(ग) क्या यह सच है कि इस संबंध में अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान की हिस्सा सबसे कम है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न राज्यों में अभी तक 82 कालेजों को स्वायत्त कालेजों के रूप में घोषित करना स्वीकार किया है इन कालेजों का राज्यवार ब्यौरा इस प्रकार है :–

तमिलनाडु . .	40
आन्ध्र प्रदेश . .	21
मध्य प्रदेश . .	16
राजस्थान . .	4
गुजरात . .	1

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति--1986 के कार्यान्वयन हेतु कार्रवाई योजना में देश के लगभग 500 कालेजों को स्वायत्त कालेजों के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। प्रत्येक राज्य में विकसित किये जाने वाले स्वायत्त कालेजों की संख्या को नहीं बताया गया है।

(ग) राजस्थान सरकार ने अभी तक केवल 4 कालेजों को चुना है। राज्य सरकार तथा सम्बन्धित विश्वविद्यालय, यदि वे चाहते हैं, तो स्वायत्त स्तर देने हेतु और अधिक कालेजों का चयन कर सकते हैं।

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस की संचालन कुशलता में सुधार लाने के संबंध में टाटा समिति का प्रतिवेदन

5. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स की संचालन-कुशलता और उसकी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा-क्षमता में सुधार लाये जाने के लिए टाटा समिति द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है।

(ख) क्या सरकार उक्त समिति की सिफारिशों पर विचार कर रही है; और